पैलिएटिव देखभाल यह आपके अनुमान से ज़्यादा है.

पैलिएटिव देखभाल क्या होती है?

पैलिएटिव देखभाल, जीवन को सीमित करने वाले रोग के साथ जी रहे लोगों और उनके परिवार वालों के लिए एक उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल और सहायता होती है। रोग की गंभीरता बढ़ने के साथ-साथ रोगियों के जीवन की गुणवत्ता बनी रहे यह सुनिश्चित करने के लिए इस देखभाल से, रोग के कारण होने वाले दर्द और रोग के लक्षणों से लोगों को जितना संभव हो उतना अच्छी तरह से जीने में सहायता मिलती है।

पैलिएटिव देखभाल में रोग के लक्षणों की पहचान और निदान किया जाता है जो कि शारीरिक, भावनात्मक, आध्यात्मिक या सामाजिक हो सकते हैं।

पैलिएटिव देखभाल किसके लिए होती है?

पैलिएटिव देखभाल किसी भी उम्र के उन लोगों के लिए होती है जिनको यह कह दिया जाता है कि उन्हें एक ऐसा गंभीर रोग है जो ठीक नहीं हो सकता है।

कुछ लोगों के लिए, पैलिएटिव देखभाल उसी समय से फायदेमंद हो सकती है जब उनमें जीवन को सीमित कर देने वाले रोग का पता लगता है। पैलिएटव देखभाल, दूसरे डॉक्टरों द्वारा किए जा रहे ईलाज के साथ भी प्रदान की जा सकती है।

पैलिएटिव देखभाल टीम में कौन-कौन लोग होते हैं?

पैलिएटिव देखभाल कई तरह के लोगों द्वारा प्रदान की जा सकती है, इनमें आपके सामान्य डॉक्टर (जीपी), वृद्ध देखभाल कर्मचारी, कार्डियोलोजिस्ट तथा अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के अलावा, परिवार के सदस्य और दूसरे देखभालकर्ता शामिल हो सकते हैं। यदि लक्षणों का प्रबंधन करना और ज़्यादा कठिन हो जाए तो इन लोगों को विशेषज्ञ पैलिएटिव देखभाल सेवाओं से मदद मिलती है।

पैलिएटिव देखभाल कहाँ प्रदान की जाती है?

पैलिएटिव देखभाल किसी भी ऐसी जगह पर प्रदान की जा सकती है जहाँ रोगी और उनके परिवार के सदस्य चाहते हैं। और जिस जगह पर यह सहायता प्रदान करना संभव होता है। इसमें शामिल हो सकता है:

- घर पर
- अस्पताल में
- किसी हास्पिस (मरणासन्न रोगियों का अस्पताल) में
- किसी आवासीय वृद्ध देखभाल केन्द्र में

बहुत से लोग चाहते हैं कि वे अपने घर पर ही प्राण त्यागें और उनकी इस इच्छा को पूरा करना अक्सर कई बातों पर निर्भर करता है, जिनमें यह भी शामिल है कि:

- रोग किस तरह का है और रोगी को कितनी देखभाल की ज़रूरत है
- रोगी के परिवार और समुदाय की तरफ से कितनी सहायता उपलब्ध हे
- क्या रोगी के घर में कोई ऐसा व्यक्ति रहता है जो उनकी शारीरिक देखभाल कर सकता है और उन्हें सहायता दे सकता है।

मैं पैलिएटिव देखभाल कैसे प्राप्त कर सकता/ती हूँ?

सहायता और जानकारी के लिए:

- अपने डॉक्टर से पूछें
- अपने एबोरीजनल स्वास्थ्य कर्मचारी से पूछें
- अपने अस्पताल सम्पर्क (लियाज़न) अधिकारी से पूछें
- अपने नर्स से पूछें

मुझे और अधिक जानकारी कहाँ से मिल सकती है?

और अधिक जानकारी के लिए अपने राज्य या टैरीटोरी की पैलिएटिव देखभाल की सर्वोच्च संस्था से सम्पर्क करें।

palliativecare.org.au/members/

PalliativeCare AUSTRALIA

पैलिएटव केयर ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रेलियन सरकार द्वारा निधिबद्ध है।